तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 7 अप्रैल 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

13 बिहान समूह की महिलाएं रैली और नारे से कर रहीं मतदाताओं को जागरुक

14 जरौदा में रही कर्मा महोत्सव की धूम

## खबर संक्षेप

### दो लोगों से मारपीट जुर्म दर्ज

महासमुंद। पुलिस ने मारपीट के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। तुमगांव पुलिस ने कमलेश खैरवार पिता स्व. बुधुराम (33) रायकेरा निवासी के साथ घर जाते समय रास्ता रोककर मो. आरिख पिता मो. अरमान (30) रायकेरा ने गाली गलौज करते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी पर धारा 341, 294, 323, 506 के तहत अपराध कायम किया गया है। दूसरे मामले में बसना पुलिस ने हबिलाल साव पिता सुदामा (32) वार्ड नं 4 बसना को आरोपी हेमंत साव पिता शोभित साव (40) वार्ड नं 4 ने गाली गलौज करते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध कायम किया गया है।

**मारपीट कर धारदार हथियार से चोट पहुंचायाः महासमुंद।** युवक से मारपीट करने का मामला सामने आया है। सांकरा पुलिस ने बताया कि पुरूषोत्तम साहू पिता धोबा साहू (35) ग्राम बरनईदादर निवासी के साथ आरोपी बसंत बरिहा, गोकुल बरिहा ने पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से सिर में चोट पहुंचाया एवं जान से मारने की धमकी दी।

## 83 गांवों में बी-1 वाचन थीम पर राजस्व शिविर लगाया गया

# किसानों को मिलेगी उनके राजस्व भूमि की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन के नेतृत्व में राजस्व मामलों में त्वरित निराकरण के लिए 'बी–1 वाचन' थीम पर 5 अप्रैल को शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से जिले के 83 गांवों में बी–1 वाचन का ग्रामीणों के मध्य पटवारी एवं राजस्व अमलों के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया। इसमें भूमि स्वामी के मृत्यु उपरांत उनके राजस्व रिकार्ड में नाम हटाने के लिए फौती 350 से अधिक प्रकरण प्राप्त किए। इसी प्रकार राजस्व कार्य संबंधी के अन्य आवेदन 500 से अधिक प्राप्त हुए। इस अभियान के दौरान 1400 नागरिकों ने मतदाता जागरूकता की सामूहिक शपथ ली। इस अभियान से जिले के भूमि स्वामियों को उनके कई प्रकार के समस्या का समाधान और राजस्व मामलों में राजस्व प्रशासन का अमला उनके घर पहुंच सेवा प्रदान किया है।

**कलेक्टर की पहल : शिविर के दौरान ली सामूहिक मतदाता शपथ**

भुइया कार्यक्रम छत्तीसगढ़ द्वारा इसे डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया गया है, लेकिन अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी नहीं होने के कारण इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं, जिसके लिए कलेक्टर साहू के निर्देश पर किए गए अभियान चलाकर इस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य था कि जिले के नागरिकों को उनकी राजस्व भूमि के संबंध में जानकारी मिले। उनका नाम, उनके भूमि रिकार्ड में है कि नहीं। इसका पता सावर्जनिक रूप से चौपाल के माध्यम से उनके गांव, मोहल्ला आदि में मिले। राजस्व अमला द्वारा एक दिवसीय शिविर के माध्यम से भूमि के खसरा नंबर, भूमि स्वामी का नाम, भूमि स्वामियों के ⏭ शेष पेज 13 पर

### प्रशासन ने मतदान के लिए प्रेरित किया

बी–1 खसरा ऑनलाइन अपने मोबाइल या कंप्यूटर में भुईंया डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबसाइट से निकाल सकते हैं। डिजिटल हस्ताक्षरित खतौनी (बी-1) डाउनलोड कर सकते हैं। खतौनी यानि बी–1 महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसे अधिकतर सरकारी कार्यों में उपयोग में लाया जाता है। राजस्व संबंधी या अन्य किसी मामले में यह बी–1 दस्तावेज किसान या भूमि स्वामी का ऑनलाइन रिकार्ड है, जिसे साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया जा सकता है। इस आयोजन के दौरान तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, राजस्व सहयोगी, कोटवार के साथ–साथ स्थानीय स्तर पर बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन उपस्थित थे। जिला प्रशासन के सभी दलों के द्वारा मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!

GOAL® Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute

Admission Open

FOUNDATION

9th | 10th | 11th | 12th for Board, NEET / JEE

Classes Starts on 08, 12, 15 & 19 April 2024

SUMMER COURSE
11th & 12th
Board with NEET / JEE
Classes Starts on 15th April

DROPPER BATCH
NEET / JEE 2025
Registration Open

FEATURES
- यह संस्थान छात्रों के लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक सटीक योजना एवं रणनीति के साथ छ.ग. में 1700 छात्रों को सफल डॉक्टर बनाने में 17 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। (Result Oriented Study & Experience)
- यह संस्थान जहां अनुभवी शिक्षक व कुशल सक्षम एवं समर्पित प्रबंधन टीम है (Management Team)
- यह संस्थान में जहां छात्रों को बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ उनका (Care System) बेहतर है।
- यह संस्थान में जहां छात्रों की पढ़ाई एक प्रतिस्पर्धात्मक (Compititive) माहौल है।
- यह संस्थान में जहां छात्रों की English एवं Hindi Medium के लिए Separate Faculty & Separate Batch उपलब्ध है। जिससे छात्रों को Medium की परेशानी नहीं होती है।
- यह संस्थान में जिसका Acadmic Programe में सही समय पर Syllbus की समाप्ति, उसका रिविजन, टेस्ट प्रोग्राम तत्पश्चात डिस्कशन, झाऊर क्लासेस एवं सपोर्ट की अच्छी व्यवस्था दिया गया है।

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI: GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI: 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

website : www.goalinstitute.org, Email : goalinstitutebhilai@gmail.com, Facebook : goalinstitutebhilai

## बेलादूला के पठार में जुआ खेलते 5 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

बिलाईगढ़, सरसीवा, भटगांव पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को ग्राम जमनार झुमरिया पठार के पास में जुआ खेल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर यह कार्रवाई की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नगरदा थाना बिलाईगढ़ निवासी 48 वर्षीय शेषनारायण पिता जीतराम साहू, ग्राम कैथा निवासी 28 वर्षीय जितेंद्र कुमार पिता जवाहरलाल साहू और 42 वर्षीय महावीर पिता श्यामलाल साहू, ग्राम मुड़पार निवासी 55 वर्षीय बृजलाल पिता पंचराम रत्नेश, भटगांव निवासी 37 वर्षीय संतोष कुमार बघेल पिता रामेश्वर के कब्जे से 201780 रुपए जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा-3, 2 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### 8 लीटर शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

बिलाईगढ़। ग्राम पारसाडीह में पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर रेड कार्रवाई की, जिसमें आरोपी अपने घर पीछे बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब को बिक्री करने रखा था, जिसे जब्त किया गया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि ग्राम परसाडीह निवासी 54 वर्षीय दिलावर सिंह पिता रामेश्वर प्रसाद अपनी घर की बाड़ी में बिक्री के लिए शराब छिपा कर रखा था। सूचना पर पुलिस ग्राम परसाडीह पहुंची और दिलावर सिंह के घर की तलाशी ली, जहां 8 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34, 2 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा है।

## कार्यकर्ताओं ने मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

जनता पार्टी का स्थापना दिवस सिमगा में पांडे निवास में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अनिल पांडे ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन किया गया था। 44 साल के इस सफर में भाजपा ने कई उतार–चढ़ाव देखे। आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत इमानदारी व लगन से पहली बार गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने पहले 13 दिन, 13 महीने फिर 430 दिनों तक देश के प्रधानमंत्री रहे। श्री पांडे ने कहा वाजपेयी के बाद 2014 में आप सबके आशीर्वाद से देश को नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला जो पूर्ण बहुमत से गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार इस देश की सत्ता को संभाले और 2014 से अब तक वह प्रधानमंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। उक्त कार्यक्रम में मंडल के महामंत्री ⏭ शेष पेज13 पर

- कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की गिनाई उपलब्धि

### मतदान करवाने के लिए प्रेरित किया

श्री पांडे ने कहा की देश व दुनिया में भारत के नाम को ऊंचा करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है और आज पूरी दुनिया भारत को मान रही है सम्मान दे रही है। उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव इस देश की दिशा और दशा और तकदीर को तय करेगी। आप सभी अधिक मतदान करवाने लोगों को प्रेरित करें।

## खबर संक्षेप

### बाइक पर शराब ले जाते धरा गया कोचिया

**रायपुर।** गांव में शराब बेचने के लिए तस्करी कर रहे बदमाश प्रेमनारायण भारती उर्फ बबूली को मंदिर हसौद थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राम पलौद का रहने वाला है और अपनी बाइक पर 44 हजार रुपए कीमत की शराब लेकर सप्लाई करने जा रहा था।आरोपी के खिलाफ 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### धरा गया सटोरिया

**रायपुर।** गांव में लोगों को सट्टा लगाकर रकम जीतने का लालच

देने वाले सटोरिए को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंदिर हसौद थाने के ग्राम बहनाकाड़ी निवासी मनोज सोनवानी के खिलाफ शिकायत मिली थी कि वह गांव के लोगों को सट्टे की लत लगा रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने उससे सट्टा पट्टी और 520 रुपए नकद बरामद किए हैं।

### वाहनों की बैटरी पार, दो शातिर गिरफ्तार

**रायपुर।** विभिन्न इलाकों में घूम-घूम कर वाहनों की बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुरानी बस्ती पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीएसयूपी कॉलोनी भाठागांव निवासी आरोपी मो. सोहेल खान तथा सद्दाम अहमद मिलकर चोरी करते थे। आरोपी भाठागांव में खड़ी जेसीबी, दो ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर ले गए थे। पुलिस को घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी से आरोपियों का सुराग लगा। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### साढ़े सात हजार का गांजा बरामद, बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** नशीली सामग्री बेचने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत गांजा विक्रेता बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन मांढर में एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी जितेंद्र साहू को गिरफ्तार किया और उससे साढ़े सात हजार का गांजा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ 20 नारकोटिक्स एक्ट की तहत कारवाई की गई है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**रायपुर।** विश्व स्वास्थ दिवस के अवसर पर रविवार 7 अप्रैल को महावीर नगर गुरुद्वारा के लंगर हॉल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजन छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सुबह 9 से दोपहर 1 बजे किया गया है। इसमें जेसीआई मेडिको और मोवा स्थित बालाजी हॉस्पिटल के डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। एसोसिएशन के संयोजक जीएस बॉम्बरा और अध्यक्ष एचएस धींगरा ने बताया कि शिविर में डॉयबिटीज और ब्लडप्रेशर की जांच के साथ दवाएं निशुल्क प्रदान की जाएगी। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह छाबड़ा सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में वरिष्ठ एक्यूप्रेशर थैरापिस्ट सरदार राजपाल सिंह की ओर से प्रेशर थैरेपी से उपचार किया जाएगा।

# केंद्रीय विद्यालय की सीटें घटी, अब 40 की जगह 32 सीटों पर ही होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय विद्यालयों की सीटों में मौजूदा सत्र से कटौती कर दी गई है। ऐसा देशभर के स्कूलों में हुआ है। अब तक प्राथमिक से हायर सेकंडरी कक्षाओं तक प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक सेक्शन में 40-40 सीटें होती थी। अब इसमें कटौती करते इसे 32-32 कर दिया गया है। इसके लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आदेश जारी किया जा चुका है। नवीन सत्र के लिए आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं, ऐसे में प्रवेश के लिए जारी की गई अधिसूचना में भी 32 सीटों के लिए ही आवेदन मांगे गए हैं। केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए पहले से ही होड़ मची रहती है। सीट संख्या कम होने से यहां प्रवेश पाने में अब और अधिक मुश्किलें आएंगी। राजधानी रायपुर में तीन केंद्रीय विद्यालय हैं। इनमें एक डब्ल्यूआरएस कॉलोनी, एक डीडी नगर तथा एक नया रायपुर में स्थित है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय संगठन ने यह निर्णय लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नई शिक्षा नीति में यह माना गया है कि कक्षा में अधिक संख्या में छात्र होने पर उन पर पूर्ण रूप से ध्यान दे पाना संभव नहीं होता है तथा उनकी क्षमता घट जाती है। इस कारण सीट में कटौती संबंधित यह निर्णय लिया गया है। हालांकि छात्रों और पालकों में इसे लेकर निराशा का भाव है।

### रायपुर में हैं इतनी सीटें

राजधानी के केंद्रीय विद्यालयों में सर्वाधिक सीटें डब्ल्यूआरएस ब्रांच में हैं। यहां दो शिफ्ट में पहली से बारहवीं तक की कक्षाएं संचालित होती हैं। दोनों ही शिफ्ट में प्रत्येक कक्षा में 4-4 सेक्शन हैं। प्रत्येक सेक्शन में 40-40 सीटें हैं। डीडी नगर ब्रांच में भी प्रत्येक कक्षा में 4-4 सेक्शन और 40-40 सीटें हैं, लेकिन यहां सिर्फ एक ही शिफ्ट में कक्षाएं संचालित होती हैं। नया रायपुर स्थित केवी में सिर्फ एक ही सेक्शन हैं।

फाइल फोटो

- नए सत्र से नर्सरी तथा पहली कक्षा में 40 की जगह 32 सीटों पर ही प्रवेश, अधिसूचना जारी
- केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए पहले से ही मारामारी, अब बढ़ जाएंगी दिक्कतें

### पहली कक्षा में कटौती

पूर्व से अध्ययनरत छात्रों को नहीं निकाला जाएगा। पहली कक्षा में ही प्रवेश के दौरान सीटों में कटौती की गई है। केवी संगठन द्वारा 40 की जगह 32 सीटों पर प्रवेश देने कहा गया है।
-बीएस अहिरे, प्राचार्य केवी क्रमांक-3

### क्रमबद्ध होगी कटौती

बीते सत्र में जो छात्र पहली कक्षा में थे, वे उत्तीर्ण होकर मौजूदा सत्र में दूसरी कक्षा में जाएंगे। इन सभी 40 छात्रों को दूसरी कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। इनमें छात्रों को नहीं निकाला जाएगा। अर्थात बड़ी कक्षाओं में सीट कटौती इस सत्र में नहीं होगी। नर्सरी अर्थात बालवाटिका और पहली कक्षा में 32 सीटों पर प्रवेश होगा। अगले सत्र में ये छात्र दूसरी कक्षा में जाएंगे तब भी 32 सीटें ही रहेंगी। अर्थात पहली कक्षा के वर्तमान बैच के आगे बढ़ने के साथ-साथ कक्षावार सीटें कम होती जाएंगी।

## डोंगरगढ़ में अस्थायी ठहराव की सुविधा नौ से 17 अप्रैल तक मिलेगी

# श्रद्धालुओं के लिए डोंगरगढ़ में ठहरेंगी पांच एक्सप्रेस ट्रेन, लंबी दूरी की ट्रेनों में मिलेगा फलाहारी भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवरात्रि के मद्देनजर डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में पांच एक्सप्रेस ट्रेनें ठहरेंगी। यह सुविधा अप व डाउन दोनों दिशा में मिलेगी। ठहरने वाली ट्रेनों की सूची के साथ-साथ रेलवे ने समय भी जारी किया है, ताकि मां बम्लेश्वरी के दर्शन को पहुंचने वाले भक्तों को परेशानी न हो। डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए दूर- दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। नवरात्रि में तो पूरे नौ दिन मेला जैसा माहौल रहता है। चैत्र नवरात्रि नौ अप्रैल से प्रारंभ हो रही है। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर एक्सप्रेस ट्रेनों को अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है। इसके साथ कुछ ट्रेनों का विस्तार भी किया गया है, ताकि डोंगरगढ़ तक पहुंचने में किसी तरह की दिक्कत न हो।

हरिभूमि सरोकार

अस्थायी ठहराव की सुविधा नौ से 17 अप्रैल तक मिलेगी। हालांकि सामान्य दिनों में यह ट्रेनें इस स्टेशन पर नहीं रुकतीं। ऐसे में श्रद्धालुओं को आगे या पीछे के उन स्टेशनों पर उतरना पड़ता है, जहां इनका स्टापेज है। रेलवे दोनों पक्ष की नवरात्रि में इसी तरह ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था करता है। स्टेशन में सुरक्षा के खास इंतजाम किए जाएंगे। इसमें आरपीएफ व जीआरपी के अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटी लेगेगी। यह स्टाफ श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखेगा।

### ट्रेन में यात्रियों को मिलेगी नवरात्रि स्पेशल थाली

#### गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजर का रायपुर तक विस्तार

दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर 08742/08741 गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का रायपुर तक विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा तीन मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेनों को अस्थाई रूप से पुनः परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत आठ से 17 अप्रैल तक रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर, डोंगरगढ़- रायपुर मेमू पैसेंजर और 9 से 18 अप्रैल तक गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर ट्रेन की सुविधा यात्रियों को मिलेगी।

#### नवरात्रि स्पेशल फलाहारी मेन्यू तैयार

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन, आईआरसीटीसी ने नवरात्रि में उपवास रखकर ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए फलाहारी मेन्यू तैयार किया है। नवरात्रि स्पेशल थाली के साथ ही सेंधा नमक, साबूदाना और कूटू के आटे से बनी खाद्य सामग्री को इसमें शामिल किया गया है। यह 99 रुपए से लेकर 300 रुपए की कीमत में यात्रियों को चलती ट्रेन में उपलब्ध कराई जा रही है। ट्रेन में यात्रियों को फलाहार मिलेगा। नवरात्रि स्पेशल में मूंगफली, आलू की टिक्की, कूटू की पूड़ियां या पराठे, सिंघाड़े की सब्जी, जीरा आलू, फ्रेंच फ्राइज, साबूदाना बड़ा, फलाहारी चिवड़ा, फलहारी थाली, मलाई बर्फी, रस मलाई, मिल्क केक, सादा बर्फी, लस्सी व सादा दही उपलब्ध रहेगा।

### इन ट्रेनों का रहेगा स्टॉपेज

जिन ट्रेनों के ठहराव की सुविधा दी जा रही है, उनमें बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस शामिल है। यह ट्रेन डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में 21:56 बजे पहुंचकर 21:58 बजे रवाना होगी। इसी तरह वापसी में यह ट्रेन 5:55 बजे पहुंचकर 5:57 बजे छूटेगी। बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस 21:56 बजे, बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस 5:55 बजे, बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस 12:19 बजे, चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस 10:33 बजे और बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस 14:41 बजे डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। इसी तरह पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस 12:15 बजे, रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 18:34 बजे और सिकंदराबाद- रायपुर एक्सप्रेस 10:46 बजे डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

# टास्क में पैसे जीतने का झांसा, महिला से 7.25 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाने में एक निजी फर्म में अफसर के पद पर कार्यरत महिला ने अज्ञात के खिलाफ ऑनलाइन टास्क में पैसे जीतने का झांसा देकर सवा सात लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाजों ने महिला को अपने झांसे में लेने के लिए टॉस्क देकर दो सौ रुपए ट्रांसफर कर अपने जाल में फंसाया। पुलिस के मुताबिक लक्ष्मीनगर निवासी प्रियंका दाऊ ने अज्ञात ठग के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। प्रियंका ने पुलिस को बताया कि उसके पास 22 फरवरी को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने महिला को टॉस्क देने और उस टॉस्क को पूरा करने पर इनाम देने का झांसा देकर एक टॉस्क दिया, इसके बाद महिला के अकाउंट में दो सौ रुपए ट्रांसफर किए।

- जालसाजों ने दो सौ रुपए ट्रांसफर कर ठगी के जाल में फंसाया

जालसाज ने महिला को आगे टास्क के लिए पैसे जमा करने कहा। जालसाज ने महिला को उनके द्वारा जमा की गई रकम के हिसाब से टॉस्क के जवाब अनुसार डेढ़ से दो गुना इनाम देने का झांसा देकर दो महीने के भीतर सवा सात लाख रुपए अलग-अलग अकाउंट में ट्रांसफर कराकर ठगी की शिकार बनाया।

### चुनावी जांच के दौरान 6 लाख बरामद

**रायपुर।** अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार हो रही जांच में नकदी रकम पकड़े जाने का सिलसिला जारी है। पुलिस ने मंदिर हसौद टोल नाका के समीप एक कार में रखे 6 लाख रुपए बरामद किए हैं। चालक रकम के बारे में कोई आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया, इसकी वजह से अग्रिम कार्रवाई के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा गठित कमेटी में भेजा गया है।

## ऐसा करने वाला जोन देश में सबसे आगे

# एक रूट में अधिक ट्रेन चलाने 460 किलोमीटर में लगा 'ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पटरियों में ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के लिए रेलवे देशभर में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम स्थापित कर रहा है। इस कार्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पूरे देश में सबसे आगे हैं। जोन ने इस वर्ष भारतीय रेलवे में सर्वाधिक 136.25 किलोमीटर के ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम की कमीशनिंग किया है। इस प्रकार अब तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का कुल 460 किलोमीटर का सेक्शन ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम से लैस हो चुका है। ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम में दो स्टेशनों के निश्चित दूरी पर सिग्नल लगाए जाते हैं।

नई व्यवस्था में स्टेशन यार्ड के एडवांस स्टार्टर सिग्नल से आगे लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर पर सिग्नल लगाए गए हैं, जिसकी मदद से सिग्नल के सहारे ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे चलती रहती है। अगर किसी कारण से आगे वाले सिग्नल में तकनीकी खामी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को भी सूचना मिल जाती है और जो ट्रेन जहां पर रहेगी वहीं पर रुक जाएगी । यह अधिक ट्रेनों को चलाने में सहायक होता है। ऑटो सिग्नेलिंग के माध्यम से 4, 5 या 6 ट्रेनों को प्रत्येक सेक्शन में चलाया जा सकता है, जो दो स्टेशनों के बीच की दूरी पर निर्भर करता है ।

- नए सिस्टम से 6 ट्रेनों को प्रत्येक सेक्शन में चलाया जा सकता है

#### सालभर में 136.25 किलोमीटर का काम पूरा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बिल्हा से जयराम नगर (30 कि.मी.), कलमना से दुर्ग (259 कि.मी.), बिलासपुर से घुटकू (16 कि.मी.), चांपा से उरगा (28 कि.मी.) रेल लाइन में ऑटो सिग्नलिंग सिस्टम का कार्य पिछले वित्तीय वर्षों में पूर्ण किया गया था। विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 136.25 किलोमीटर ऑटो सिग्नलिंग सिस्टम का कार्य पूर्ण किया गया है, जिसमें जयराम नगर-अकलतरा (34 कि.मी.), उरगा-गेवरा रोड (16.25 कि.मी.), दुर्ग-कुम्हारी (54 कि.मी.), धनोली-गुदमा (18 कि.मी.), सालवा-कामठी (11 कि.मी.), तथा बिलासपुर कार्ड केबिन-उसलापुर (03 कि.मी.), रेल लाइन शामिल है । इस प्रकार वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 460 किलोमीटर सेक्शन ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम से लैस है ।

#### ट्रेनों के परिचालन में मिल रही मदद

ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम के लागू हो जाने से एक ब्लॉक सेक्शन में एक ही रूट पर एक से अधिक ट्रेनें चल सकती है । इससे रेल लाइनों पर ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही संख्या भी बढ़ गई है। वहीं, कहीं भी खड़ी ट्रेन को निकलने के लिए आगे चल रही ट्रेन के अगले स्टेशन तक पहुंचने का भी इंतजार नहीं करना पड़ता है । स्टेशन यार्ड से ट्रेन के आगे बढ़ते ही ग्रीन सिग्नल मिल जाता है, यानि कि एक ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे दूसरी ट्रेन आसानी से चलती है । इसके साथ ही ट्रेनों के लोकेशन की जानकारी मिलती रहती है ।

# देश में 2025 तक होगी रीढ़ की हड्डी और खेलों में घायल रोगियों की सबसे अधिक संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रीढ़ की हड्डी तथा खेल के दौरान गिरने से घायल होने वालों की संख्या वर्ष 2025 तक देश में सबसे अधिक होगी। हड्डी से संबंधित परेशानी से मरीजों को बचाने के लिए पीएमआर के विशेषज्ञों को नई तकनीक का सहारा लेना होगा। एम्स में आयोजित दो दिनी कार्यशाला में देशभर के विशेषज्ञों ने अपने अनुभव बयान किए।

- मरीजों को राहत देने नई तकनीक का सहारा लेने पर जोर
- एम्स में दो दिनी कार्यशाला में शामिल हुए देशभर के विशेषज्ञ

एम्स के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहेब्लिटेशन विभाग और इंडियन एसोसिएशन ऑफ पीएमआर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला और सीएमई में देश के 40 विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। उद्घाटन करते हुए एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटा) ने कहा कि पीएमआर की सबसे पहले आवश्यकता सेना को हुई थी। अभी भी भारतीय सेना इंजीनियर्स की मदद से विकलांग हुए सैनिकों के पुनर्वास में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि एम्स का पीएमआर विभाग गुणवत्तापूर्ण कृत्रिम अंगों को प्रदान कर रहा है। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. रेनू राजगुरु ने कहा कि कार्यशाला की मदद से पीजी छात्रों को पीएमआर में प्रयुक्त की जा रही नई तकनीक के बारे में जानकारी मिल सकेगी। एम्स पटना के पीएमआर विभागाध्यक्ष और आईएपीएमआर के महासचिव प्रो. संजय कुमार पांडे का कहना था कि वर्ष 2050 तक भारत में पीएमआर के रोगियों की संख्या सर्वाधिक होगी। सीएमई में अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल भी उपस्थित थे। सीएमई और कार्यशाला में एम्स पटना, एम्स कल्याणी, राम मनोहर लोहिया अस्पताल दिल्ली, सवाई मान सिंह अस्पताल जयपुर, ईएसआईसी फरीदाबाद, गांधी हॉस्पिटल पटना के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

### सात विषयों पर चर्चा

आयोजन सचिव डॉ. जयदीप नंदी ने बताया कि कार्यशाला और सीएमई में पीएमआर संबंधी सात प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई जिसमें नई तकनीक जैसे थ्री-डी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स, री-जनरेटिव मेडिसिन का प्रयोग, पल्मोनरी और कॉर्डियक रिहेब्लिटेशन, प्लाज्मा थैरेपी, एक्सटर्नल स्टीम्यूलेशन से दर्द में राहत जैसे विषय शामिल हैं। कार्यशाला में गेट एवं मोशन लैब की मदद से लाइव सेशन में रोगियों की जांच की गई। लकवा या दुर्घटना में घायल रोगियों की तंत्रिका तंत्र को समझने के लिए मोशन सेंसर्स की मदद से उनकी जांच भी की गई।

## 24 दिन चली थी हड़ताल, किस्तों में बांडेड डाक्टरों को मिलती है 21 छुट्टी

# हड़ताल अवधि की छुट्टी के आदेश पर फंस रहा पेंच, बढ़ सकती है बांड अवधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अनुबंधित डाक्टरों की हड़ताल अवधि की भरपाई बांड अवधि बढ़ाकर की जा सकती है। स्वास्थ्य कर्मचारियों की 24 दिन की हड़ताल को शासन ने अवकाश स्वीकृत किया है, मगर बांडेड डाक्टरों को किस्तो में सालभर में 21 छुट्टियां मिलती हैं, जिसकी वजह से पेंच फंस रहा है। बांड अवधि बढ़ाकर हड़ताल अवधि की भरपाई करने के आदेश कई जिलों में जारी किए जा चुके हैं, जिसके विरोध में भी चिकित्सक संगठनों के स्वर उभरने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार विभिन्न स्वास्थ्य संगठनों ने अपनी कई मांगों को पूरा करवाने के लिए एकजुट होकर अगस्त में हड़ताल की थी। इसमें स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सेवा देने वाले अनुबंधित डाक्टर भी शामिल थे। हड़ताल 24 दिन चली, कर्मचारियों के हित का ध्यान रखते हुए राज्य शासन की ओर से अवकाश स्वीकृत किया गया था और पिछले महीने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक अनुबंधित डाक्टरों की छुट्टी का मामला अटक रहा है। जानकारी के अनुसार बांडेड डाक्टरों को सालभर में 18 आकस्मिक और 4 दिन एच्छिक अवकाश दिया जाता है। हड़ताल अवधि एक महीने के भीतर की है, जिसे स्वीकृत करना संभव नहीं है। इसे देखते हुए हड़ताल अवधि की भरपाई उनकी अनुबंध सेवा को बढ़ाकर करने की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर कई जिलों में आदेश भी जारी किया जाने लगा है और इसके विरोध भी चिकित्सकों के संगठन सक्रिय होने लगे हैं।

- कई जिलों में भरपाई के लिए जारी हुआ आदेश, विरोध के भी उठे स्वर

### धमतरी जिले में आदेश

शासन द्वारा 14 मार्च को हड़ताल के निराकरण के संबंध में अवकाश स्वीकृत करने का आदेश जारी किया गया था। इसके कुछ दिन बाद धमतरी जिले से सबंधित ब्लाक मेडिकल ऑफिसर को पत्र भेजकर हड़ताल अवधि का दिन बढ़ाकर अनुबंध डाक्टरों की बांड पूरा कराने का जिक्र किया गया था। पत्र में इस बात का जिक्र भी था कि आदेश का पालन नहीं करने पर जिम्मेदारी खंड चिकित्सा अधिकारी की होगी।

### आदेश जारी करने की मांग

सीमएमएचओ स्तर पर जारी किए जा रहे इस आदेश की जानकारी यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन द्वारा स्वास्थ्य संचालनालय के अधिकारियों को देकर अवकाश अर्जित करने की मांग की गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी का कहना है कि जिला स्तर पर जारी होने वाले आदेश से डाक्टर खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। मांग की गई है कि संचालनालय स्तर पर इस मामले में अलग से आदेश जारी किए जाना चाहिए।

# माइनिंग घोटाला : 4 आरोपियों से होगी जेल में पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माइनिंग घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू के आवेदन पर विशेष अदालत ने जेल में बंद चार आरोपियों से पूछताछ करने अनुमति प्रदान की है। कोर्ट ने ईओडब्ल्यू को आरोपियों से पूछताछ करने दो दिन का समय दिया है। आरोपियों से ईओडब्ल्यू के अफसर आज तथा कल पूछताछ करने जेल जाएंगे। ईओडब्ल्यू के अफसरों के मुताबिक जेल में बंद जिन चार लोगों से पूछताछ करने की अनुमति मिली है, उनमें सुनील अग्रवाल, लक्ष्मीकांत तिवारी, निखिल चंद्राकर तथा एक अन्य का नाम शामिल है। गौरतलब है कि माइनिंग घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू के अफसर जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू तथा राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या साहू से पूछताछ कर रहे हैं। जेल में बंद 10 आरोपियों से पूछताछ करने ईओडब्ल्यू के अफसर अब तक विशेष कोर्ट में अनुमति मांग चुके हैं।

- पूर्व में आधा दर्जन आरोपियों से पूछताछ करने मिल चुकी है अनुमति

## खबर संक्षेप

### विश्व सिंधी सेवा संगम इंटरनेशनल ने किया आहूजा का सम्मान

**रायपुर।** विश्व सिंधी सेवा संगम इंटरनेशनल ने सिंधी समाज में सेवाकार्य करने वाली अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था सिंधु शक्ति के संस्थापक व शहीद हेमू कालानी समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा का सम्मान श्रीफल, शॉल और प्रशस्तिपत्र देकर किया। कार्यक्रम में शदाणी दरबार के संत उदयलाल शदाणी, विश्व सिंधी सेवा संगम के इंटरनेशनल चेयरमैन डॉ. राजू मनवानी, प्रदेश अध्यक्ष डीआर वाधवानी, पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, किरण ठाकुर, विशाल राजानी, अमित जीवन, राजू तारवानी, अमर चांदनानी, राधा राजपाल उपस्थित थे।

### आज से आर्ट ऑफ लिविंग का प्रज्ञा योग

**रायपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग रायपुर परिवार की ओर से प्रज्ञा योग का आयोजन 6 और 7 अप्रैल को शाम 4.30 से 7.30 बजे तक 8 से 18 आयुवर्ग के बच्चों के लिए गायत्री मंदिर समता कॉलोनी में किया जा रहा है। प्रशिक्षिका आकांक्षा नाइक एवं प्रेरणा वंडलकर ने बताया कि प्रज्ञायोग से फोटोग्राफिक मेमोरी, जो पढ़ाई में बच्चों को सहयोग कर सकती है और उनके इंटुइशन को बढ़ा सकती है। कार्यक्रम में प्रवेश पंजीयन के आधार पर दिया जाएगा

### चार्टर्ड एकाउंटेंट विंग के प्रदेश समन्वयक बने ग्वालानी

**रायपुर।** प्रोफेशनल कांग्रेस विंग ने चार्टर्ड एकाउंटेंट विंग का प्रदेश समन्वयक रवि ग्वालानी को नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने की। चार्टर्ड एकाउंटेंट विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन शर्मा ने रवि ग्वालानी को शुभकामनाएं दी हैं और कहा कि प्रदेश में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की तकलीफों की आवाज उठानी है। श्री ग्वालानी वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया को-ऑर्डिनेटर एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष होने के साथ सिंधी कौंसिल ऑफ इंडिया की युवा विंग के प्रदेश शाखा के अध्यक्ष हैं।

### सीएम पहुंचे रावतपुरा सरकार आश्रम, लिया आशीर्वाद

**रायपुर।** श्रीरावतपुरा सरकार आश्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अनंत विभूषित रविशंकर महाराज से सौजन्य भेंट की। सनातन परंपरा के अनुरूप मंत्रोच्चार के मध्य महाराजश्री ने तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री श्री साय का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने रविशंकर महाराज को नमन कर पुष्पमाला भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री की सौजन्य भेंट लगभग 30 मिनट तक चली। सामाजिक समरसता एवं राज्य की तीन करोड़ जनता की खुशहाली एवं लोक कल्याण के लिए मुख्यमंत्री श्री साय ने महाराजश्री से आशीर्वाद लिया।

पेज 11 के शेष

### किसानों को मिलेगी ...

संबंधियों का नाम आदि को पढ़कर उनको जानकारी दी गई और साथ ही किसी पकार का दावा–आपत्ति को निराकरण के लिए स्वीकार किया गया। वर्तमान में बी–1 खसरा (भुईंया डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन) ऑनलाइन छत्तीसगढ़ राजस्व विभाग ने बी–1 खसरा ऑनलाइन चेक एवं डाउनलोड करने की सुविधा दिया है।

### कार्यकर्ताओं ने ...

छोटू यादव, धीरज जैन, अभिजीत अवस्थी, रमेश सोनी, सचिन जैन, परीक्षित चतुर्वेदी, परस पाटकर, राजेश सिंह, मनोज टोंडे, रुक्मणी साहू, रजनी दुबे, वंदना हिंगोली, नीतू देवांगन, विद्या देवांगन, जानकी देवांगन, सुनीता देवांगन, चौती देवांगन, कमला देवांगन, रामवती साहू, राम राम दुलारी देवांगन, सुकून देवांगन, यशोदा देवांगन, मालती देवांगन, सविता देवांगन, लक्ष्मी साहू, नंद कुमारी साहू, कमला देवांगन, कुंती साहू, मथुरा देवांगन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शवों का सुराग लगाने जांच समिति की मैराथन बैठक, नहीं निकला कोई नतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोविडकाल में मृत तीन शवों का सुराग लगाने के लिए गठित सात सदस्यीय कमेटी की मैराथन बैठक में किसी तरह का नतीजा नहीं निकल पाया है। जांच के लिए कमेटी द्वारा शवों से संबंधित तमाम दस्तावेजों की डिमांड की गई है। शासन ने इन शवों के बारे में जानकारी एकत्रित करने के लिए डाक्टरों की सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। शासन द्वारा उन्हें मामले के तमाम पहलुओं का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। समिति की पहली बैठक गठन के दस दिन बाद आंबेडकर अस्पताल में कमेटी इस मामले में चार घंटे तक चर्चा करती रही, मगर किसी तरह के ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाई। सूत्रों के अनुसार मामले में अस्पताल प्रबंधन ने इन मरीजों के निजी से सरकारी अस्पताल तक आने के बारे में पूछा गया है और इससे संबंधित दस्तावेजों की मांग की गई, जो तत्काल उपलब्ध नहीं हो पाए। दस्तावेज के अभाव में मामले से संबंधित चर्चा आगे नहीं बढ़ पाई और चार घंटे की बैठक महज औपचारिकता बनकर रह गई। इस मामले में तमाम तरीके की जानकारी जुटाकर कमेटी के सामने प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में गठित समिति के सदस्यों के साथ आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। सूत्रों का कहना कि जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### औपचारिक रह गई पहली बैठक, दस्तावेजों का इंतजार

**सात दिन में रिपोर्ट**

समिति का गठन करने के दौरान निर्देश जारी किया गया था कि कमेटी सात दिन में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। विभिन्न व्यस्तताओं के चलते इनकी पहली बैठक दस दिन बाद हो सकी। समिति से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि जांच में वक्त लगने की संभावना है, क्योंकि इस प्रकरण में कई तरह के दस्तावेजों की आवश्यकता होगी।

**नहीं हो सका अंतिम संस्कार**

मामला सामने आने के बाद भी आंबेडकर अस्पताल की मरचुरी में रखे तीनों शवों का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका है। सूत्रों का कहना है कि मामले की जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट शासन को दी जाएगी और इसके आधार पर ही आगे का फैसला हो पाएगा।

**मांगी गई जानकारी**

बैठक के दौरान मामले पर चर्चा हुई है और उससे संबंधित दस्तावेजों की मांग की गई है। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी।
- डॉ. डीके तुर्रे, प्रवक्ता, स्वास्थ्य विभाग

## कर्मा माता जयंती पर मंत्री ने किए माता के दर्शन

# गौरवशाली और मेहनतकश है साहू समाज जो हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा : मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम मटिया में शुक्रवार को कर्मा माता जयंती पर मंत्री टंकराम वर्मा ने माता की विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्राम के मंदिर में पूजा हवन का कार्यक्रम हुआ। पीले वस्त्र धारण किए बाजे गाजे के साथ माता के सेवा गीत गाते भक्तगण दिखाए दिए।

मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम में कहा भक्त माता कर्मा जयंती मनाने के साथ-साथ उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए, जिससे हम परिवार समाज को भी अच्छा बनाए। जयंती सभी मिलकर मनाए। जब भी देश में विपत्ति आई है तब संतों ने ही मार्ग दिखाए है। बड़े से बड़े संकटों का समाधान सुगमता से किए हैं। ग्राम के बड़े बुर्जुग ज्यादा पढ़े नहीं है, परंतु वे संस्कारी होते हैं धर्मार्थी होते हैं। मीरा बाई, कबीरदास, तुलसीदास आदि सभी संत ज्यादा नहीं पढ़े हैं, परंतु बहुत गढ़े हैं। उनके लिखे हुए शब्दों को आज हम पढ़ते हैं उनसे सीखते हैं। हमें अपना जीवन ऐसा बनाए जिससे लोग हमसे संस्कार सीखे। उन्होंने कहा साहू समाज गौरवशाली समाज, मेहनतकश समाज है हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, चाहे राजनीति, धर्म, शिक्षा, नौकरी हो और होना भी चाहिए। मेहनत करने वालों को कोई नहीं रोक सकता। हर समाज वर्ग को मेहनत करके आगे बढ़ना चाहिए। अच्छे समाज से ही अच्छे देश का निर्माण होता है। हमें अपने पुरखों की जानकारी होनी चाहिए की कितने कठिन परिश्रम से, मेहनत कर धन संपत्ति जोड़े हैं। उनका कदर हम सबको होना चाहिए, जिन्हें नहीं होती उनका पतन एक दिन हो ही जाता है। जितने भी संत आए सभी सामान्य मनुष्य रूप में ही थे, परंतु उनके कर्मों ने उन्हें महान बना दिया। कर्मा माता की जयंती हम सब मना रहे हैं। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिससे समाज को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़े।

इस अवसर पर सुनील साहू जिलाध्यक्ष साहू संघ सरोज साहू परिक्षेत्र, यशवंत साहू, महेंद्र साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष करण वर्मा, युगल किशोर वर्मा, दिनेश चवरे, सत्य जोगी, निकेश देवांगन, यशवंत यदु, कुलदीप वर्मा तथा भारी संख्या में ग्रामीण जन बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, युवावर्ग विशेष रूप से उपस्थित थे।

## गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर निगम की सख्ती, वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुकान का कचरा सड़कों पर फेंकने वाले दर्जनभर दुकानों के विरुद्ध नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए उनसे जुर्माना राशि वसूल की है। नगर निगम के जोन-9 अंतर्गत क्षेत्र वीआईपी कॉलोनी, शंकर नगर चौक, अवंति विहार, तेलीबांधा के बाजार की दुकानों में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आत्मानंद साहू के नेतृत्व में टीम ने सफाई और सूखा व गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखने की जांच की। इस दौरान दर्जनभर दुकानों के बाहर गंदगी पसरी मिली, वहीं दुकानों में डस्टबिन भी नहीं मिले। टीम ने इन सभी दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुर्माने के रूप में उनसे कुल 15 सौ रुपए वसूल किए। साथ ही सभी दुकान संचालकों को डस्टबिन रखने एवं कचरा नहीं फैलाने की चेतावनी दी।

# बिहान समूह की महिलाएं रैली और नारे से कर रहीं मतदाताओं को जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान में मतदान के महत्व को ग्रामीण, शहरी, दिव्यांग, युवा, सभी प्रकार के मतदाताओं को समझाने और उनके मतदान के उपयोग के लिए प्रेरित करने बीएलओ और बिहान समूह की महिलाओं ने उद्देश्य बना लिया है। निर्वाचन गतिविधियों में वे सम्मिलित होकर लोकतंत्र के पर्व, देश के गर्व को जन–जन तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रही हैं। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम गोड़म में बिहान समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता स्वीप अंतर्गत सामूहिक मतदाता शपथ ली। इसके साथ ही गांव की गलियों में सारंगढ़-बिलाईगढ़, सब्बो जाबो बोट देहे बर का नारा लगाया। गांव के खेत–खलिहान क्षेत्र में कार्यरत ग्रामीण श्रमिकों के कार्यस्थल में भी मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की ओर से यह जनजागरूकता के लिए अभियान के रूप में पूरे जिले में किया जा रहा हैं।

### मतदान के लिए होर्डिंस से किया जा रहा जागरुक

भटगांव। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव का पर्व देश का गर्व, मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जनसामान्य तक पहुंचने के लिए नगर पंचायत सरिया में होर्डिंग के माध्यम से मतदाताओं को आकर्षित किया गया। चन्द्रपुर रोड पर स्थित होर्डिंग में नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए नारा के माध्यम से प्रेरित किया गया है। इन होर्डिंग में छत्तीसगढ़ी में लिखा गया है, हमर मतदान, लाही लोकतंत्र में जान। इसी प्रकार एक अन्य में हिन्दी में लिखा गया "हम युवा, भविष्य हैं देश के, हम मतदान अवश्य करेंगे। होर्डिंग से मतदान का प्रचार माध्यम मतदाताओं के स्वप्रेरणा की विचार को जागृत करने के लिए किया गया है, ताकि मतदाता अपने दैनिक कार्य में आते–जाते इन होर्डिंग को देखकर अपने मतदाता होने के दायित्व का निर्वहन गरिमापूर्ण करें।

# प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने निकाली रैली

**खरोरा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला के बच्चों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को रैली निकाली और गली भ्रमण करते हुए लोकसभा चुनाव में सबको मतदान करने के लिए जागरुक किया। चौक चौहारों पर गोल घेरा बनाकर विभिन्न प्रकार के नारे लगाकर मतदाताओं को प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में शाला के समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

# नाले पर अतिक्रमण निगम ने तोड़ा, निकाला 2 डंपर कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कटोरा तालाब इलाके में बूढ़ी माता मंदिर से दुर्गा मंदिर तक नाले पर अतिक्रमण होने के कारण सफाई नहीं हो पा रही थी, जिसके कारण नाला जाम हो गया था। नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को इस नाले पर अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की और सफाई अभियान चलाकर नाले से 2 डंपर कचरा निकाला। इसके बाद नाले में गंदे पानी का बहना पुनः शुरू हुआ। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर शहर भर के बड़े नालों का विशेष सफाई अभियान चलाया रहा है। इस अभियान के तहत जोन 10 अंतर्गत कटोरा तालाब मार्ग के समीप बूढ़ी माता मंदिर से दुर्गा मंदिर तक बड़े नाले की सफाई की गई। इस नाले पर कई जगह पर लोगों ने अतिक्रमण कर झोपड़ी, दुकान बना लिए थे। नगर निगम की टीम ने इन कब्जों को पहले हटाने की कार्रवाई की, क्योंकि इन कब्जों के कारण भी नाले की सफाई करने में बाधा आ रही थी। जेसीबी मशीन और 25 सफाई मित्रों की टीम ने दिनभर में इस नाले सफाई अभियान चलाकर 2 डंबर कचरा निकाला। कचरा के कारण नाली का गंदा पानी सड़कों पर आने लगा था, जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सफाई होने के बाद नाले में गंदे पानी का बहना फिर शुरू हो गया है।

# अनवर ढेबर शराब घोटाला मामले में आठ अप्रैल तक ईओडब्लू की रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू ने अरविंद सिंह के बाद अनवर ढेबर को गुरुवार को गिरफ्तार कर शुक्रवार को निधि शर्मा तिवारी की विशेष कोर्ट में पेश किया। ईओडब्लू ने अनवर ढेबर को कोर्ट में पेश करते हुए 15 दिनों की रिमांड की मांग की थी। कोर्ट ने बचाव पक्ष तथा ईओडब्लू की दलील सुनने के बाद तीन दिन की रिमांड स्वीकृत की। गौरतलब है कि शराब घोटाले के आरोपी अरविंद सिंह की जेल से दो अप्रैल को जमानत पर रिहाई के बाद ईओडब्लू की टीम ने उसे पुनः गिरफ्तार कर विशेष कोर्ट में पेश कर अपनी रिमांड पर लिया है। इसके बाद से ईओडब्लू द्वारा अनवर ढेबर की गिरफ्तारी तय थी। अनवर ढेबर को ईओडब्लू ने कुम्हारी टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार कर रातभर पूछताछ करने के बाद दूसरे दिन कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। बचाव पक्ष के वकील नित्या रामकृष्णन तथा फैजल रिजवी ने अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत का हवाला देते हुए उसकी गिरफ्तारी को गलत बताया है। ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने अनवर ढेबर को शराब घोटाला मामले का किंग पीन बताते हुए पूछताछ करने कोर्ट में दलील पेश की। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने शर्तों के साथ अनवर को ईओडब्लू की रिमांड पर दिया है। गौरतलब है कि ईओडब्लू ने शराब घोटाला मामले में अरविंद सिंह तथा अनवर ढेबर की पहली गिरफ्तारी की है। अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट ने आठ माह पूर्व जमानत पर रिहा करने का फैसला सुनाया है।

# सबसे गर्म रही राजधानी, अब बन रहे राहत के आसार

## 41.4 डिग्री तक पहुंचा पारा, रविवार मध्य हिस्से में अंधड़, वर्षा के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शुक्रवार को राजधानी की गर्मी ने राज्य से अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया। यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक होकर 41.4 तक पहुंच गया। आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने के आसार बन रहे हैं। रविवार को रायपुर समेत मध्य हिस्से में अंधड़ और वर्षा के आसार बन सकते हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक रायपुर में आज तेज गर्मी का प्रकोप रहा। सुबह दस बजे से ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था और दोपहर बारह बजते ही गर्म हवा परेशानी का कारण बनने लगी थी। शहर में पिछले चार दिनों से अधिकतम तापमान चालीस डिग्री के पार हो चुका है, जिसकी वजह से गर्मी परेशानी का कारण बन रही है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक था। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के मुताबिक गर्मी के इस चरण में शहर का तापमान चरम पर पहुंच चुका है और कल से इसमें वृद्धि होने की संभावना कम है। बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन होने से बादल छाने की वजह से तापमान में गिरावट हो सकती है। इसके असर से दक्षिण बस्तर में कल एक दो स्थानों पर बारिश हो सकती है। मध्य और उत्तरी इलाके में इसका असर रविवार को होने के आसार हैं। इस दौरान एक दो स्थानों पर अंधड़ चलने, वज्रपात और ओलावृष्टि जैसी परिस्थिति बनने की संभावना है। इसके अलावा हल्की बारिश और बादल की स्थिति बने रहने की वजह से कड़ी धूप से अगले सप्ताह राहत रहने के आसार हैं।

## खबर संक्षेप

### डा. अमीन खान साथियों के साथ भाजपा में शामिल

**खरोरा।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के पूर्व उपाध्यक्ष व धरसींवा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. अमीन खान ने सैकड़ों साथियों के साथ भाजपा में प्रवेश किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर भाजपा के नारायण चंदेल, भाजपा उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, संजय श्रीवास्तव, अविनाश जैन सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। डॉ. अमीन खान ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशप्रेम की भावना व भाजपा की रीति–नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ली।

### सिविल न्यायालय संशोधन विधेयक को मिली मंजूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा बजट सत्र में पारित कराए गए छत्तीसगढ़ सिविल न्यायालय (संशोधन) विधेयक को राज्यपाल की अनुमति मिल गई। इसके साथ ही यह अधिनयम बन गया है। सरकार के विधि एवं विधायी कार्य विभाग ने इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित करवाई है।
अब हुआ ये संशोधन छत्तीसगढ़ सिविल न्यायालय (संशोधन) अधिनियम 2024 के मुताबिक अब जिला न्यायाधीश को प्रधान जिला न्यायाधीश कहा जाएगा। अपर जिला न्यायाधीश अब जिला न्यायाधीश कहलाएंगे। व्यवहार न्यायाधीश प्रथम वर्ग के स्थान पर व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी लिखा जाएगा।

### नेहरू घाट में दीपदान मतदाता जागरुकता रैली

**रायपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तारतम्य में गोबरा नवापारा स्थित महानदी पैरी सोंढूर नदियों के संगम स्थल पर अनुविभागीय अधिकारी अभनपुर ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। साथ ही मतदाता मार्गदर्शिका पुस्तिका वितरित करने के अलावा नेहरू घाट पर दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया। इसके पश्चात शहर में मतदान जागरूकता रैली निकाली गई।

**आयोजन :** कर्मा जयंती में शामिल हुए विधायक साव

# कर्मा जयंती पर शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नगर पंचायत में साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मा की जयंती मनाई गई। इसके लिए मां कर्मा मंदिर का विशेष रूप से श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ अपने ईष्ट देवी के दर्शन के लिए लगी रही। नगर के हरदेवलाल पारा स्थित साहू समाज भवन में सामाजिक लोगों ने भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर डीजे एवं भजन टोलियों के माध्यम से नगर में शोभा यात्रा निकाली, जिसका नगरवासियों ने जगह–जगह स्वागत किया। शोभा यात्रा में भक्ति माता कर्मा एवं भगवान कृष्ण की सुंदर झांकियों को दिखाया गया। इस दौरान शोभा यात्रा में आये स्वजातीय बंधुओं ने श्रद्धालुओं को जलपान कराया।
तत्पश्चात विधायक इंद्र साव भी कार्यक्रम स्थल पहुंचे और मां कर्मा के मंदिर में मत्था टेका। स्वजातीय बंधुओं से भेंट कर कर्मा जयंती की बधाई दी। इस दौरान साहू समाज सिमगा के अध्यक्ष कमलेश साहू ने सामाजिक भवन के लिए बाउंड्री वॉल की मांग रखी, जिसे विधायक ने आने वाले दिनों में पूर्ण करने की बात कही। विधायक साव के साथ विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष विवेक यदु, सत्यजीत शेंडे, मुकेश हेंवार, चंद्रशेखर साहू, विश्वनाथ साहू, राजेंद्र साहू आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### संत कर्मा माता की जयंती मनी

**गोपालपुर।** साहू समाज ने गांव के राम लीला मंडली में संत कर्मा माता के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा की। तत्पश्चात शोभायात्रा निकालकर भ्रमण किया। नारायण प्रसाद साहू ग्रामध्यक्ष साहू समाज, टेकलाल साहू पूर्व जनपध्यक्ष ने संत कर्मा माता के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। नारायण प्रसाद साहू ने प्रदेश साहू संघ के निर्णय को समाज के समक्ष रखा, जैसे विधवा महिला को समाज के शुभ कार्य में वंचित नहीं रखना उनको समानता का दर्जा। डीआर टण्डन ने संत कर्मा माता की जयंती पर बधाई दी। इस मौके पर विशेषर साहू, राम नारायण साहू व अन्य बुद्धि जीवियों ने अपने-अपने विचार रखे।

### जरौदा में रही कर्मा महोत्सव की धूम

**खरोरा।** ग्राम पंचायत जरौदा में मां कर्मा मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मां कर्मा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कलश यात्रा निकाली, जो कर्मा माता के जयकारे लगाते हुए कर्मा चौक से बाजार चौक पहुंची। कार्यक्रम में प्रसादी वितरण एवं रामायण का आयोजन किया गया। इस दौरान परिक्षेत्र सारागांव साहू समाज नारायण प्रसाद साहू, ईशकुमार साहू, ग्रामीण सुखीराम साहू, चरण साहू, चंद्रकांत वर्मा, धनजय वर्मा, अनिल साहू, थलेश्वर साहू, उमेश साहू, तेजराम साहू, गंगाराम साहू, ईश्वर वर्मा, ग्रामीण पंच एवं कर्मा मण्डली के सदस्य उपस्थित थे।

### कर्मा जयंती पर पेयजल का वितरण

**खरोरा।** नगर में श्रीराम मिल के सामने स्व. उषा देवी साहू की स्मृति में अनिल साहू, मनीष साहू, शरद साहू द्वारा मार्केट में आने वाले आमजनों के लिए ठंडे पानी की सुविधा के लिए कर्मा जयंती पर पेयजल का शुभारंभ किया। इसमें प्रथम दिवस शीतल पेय शरबत का वितरण किया गया। खरोरा में पास के 50 से 60 गांवों के ग्रामीणों का प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है।

# मां डोंगरी देवी मंदिर में जलाई जाएगी ज्योत, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

मालपुरी, गिधपुरी में मां डोंगर देवी लोगों में आस्था का केंद्र है। मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोरों पर है। मंदिर को लाइट डेकोरेशन और तोरण ध्वजा से सजाया जा रहा है, जिसमें मंदिर की सुंदरता देखते ही बन रही है। मंदिर में आने जाने वाले दर्शनार्थी के लिए पानी एवं भोजन की व्यवस्था मंदिर ट्रस्ट द्वारा की जा रही है। मंदिर प्रांगण में आस पास गांव के माता सेवा समिति द्वारा पूरे नौ दिन माता रानी की सेवा गीत गाया जाता है, जिसमें पूरा वातावरण संगीत मय रहता है सभी अपने मनोकामना पूर्ण करने के लिए माता रानी के मंदिर में बड़ी की संख्या में ज्योति प्रज्वलित करते हैं। मंदिर परिसर में हमेशा लोगों की भीड़ बनी रहती है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि मां डोंगर देवी मंदिर गिधपुरी से दो किलो मीटर की दूरी पर पूर्व दिशा में महानदी के तट पर स्थित है। यहां की हरियाली लोगों को आकर्षित करती है। एक बार कोई अगर यहां पर आता है तो पूरा सांसारिक मोह भूल कर माता रानी के भक्ति में डूब जाता है लोग दूर–दूर से अपने मनोकामना को पूर्ण करने के लिए माता रानी के दर्शन एवं मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित करने के लिए के लिए आते हैं और अपने घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते हैं प्राप्त जानकारी पंडित शेख राम शर्मा ने दी।

### एएचपीआई पर नीतिगत सुझाव देने आधा दर्जन समितियों का गठन

**रायपुर।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) ने स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को नीतिगत सुझाव देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों की आधा दर्जन समितियों का गठन किया है। स्वास्थ्य नीति परामर्श, वैज्ञानिक अनुसंधान, स्वास्थ्य बीमा योजनाएं, कानून एवं चिकित्सा व्यवस्था मानक, चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण और डिजिटल हेल्थ विषयों पर बनाई गई कमेटियों में छत्तीसगढ़ को व्यापक प्रतिनिधित्व मिला है। एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के महासचिव अतुल सिंघानिया ने बताया कि एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता स्वास्थ्य बीमा योजना कमेटी के अध्यक्ष होंगे। स्वास्थ्य नीति परामर्श कमेटी में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ विशेषज्ञ और एएचपीआई छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. महेश सिन्हा सदस्य होंगे।

# रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए विधायक साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नगर के स्थानीय मस्जिद परिसर में विगत दिनों मगरीब की नमाज पढ़ने के बाद रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ, जिसमें मुस्लिम जमात के साथ बैठकर भाटापारा विधायक इंद्र साव एवं अनेक गणमान्य नागरिकों ने रोजा इफ्तार में हिस्सा लिया। इस दौरान मुतवल्ली शेख रमजान ने रमजान के पाक माह पर प्रकाश डाला और नमाजियों को सब्र और खुदा का पैगाम दिया। विधायक इंद्र साव ने रोजादारों को बधाई देते हुए कहा कि कोई भी एक बगीचा किसी एक रंग के फूल से खूबसूरत नहीं दिखता, जब तक उस बगीचे में रंग–बिरंगे फूल नजर नहीं आते। इसी तरह हमारा देश एक रंग–बिरंगे फूलों का गुलदस्ता है, जिसमें सभी समुदाय के लोग मिलकर रहते हैं और इस प्रकार के इफ्तार पार्टी से सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा मिलता है, जिसमें सभी समुदाय के लोग एक साथ बैठकर इफ्तार करते हैं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने रोजादारों को बधाई देते हुए कहा कि रमजान के माह में इस प्रकार के कार्यक्रमों के रखने का उद्देश्य आपस में मेल मिलाप और भाईचारा को बढ़ावा देना है।
इस इफ्तार पार्टी में सलीम भाई, जिकरमोहम्मद, नजीर खान, ताहिर अली, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले, पार्षद लखन देवांगन, पूर्व पार्षद सुनीता यादव, मनहरण माली, शाहिदा बेगम, अयूब बांठिया, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली, अजीत भट्ट, गोलू पाटकर, रकीम अली, हबीब मोहम्मद आदि मौजूद थे।

# कंपनी खोलने 400 ग्रामीणों का फर्जी हस्ताक्षर कराने का विरोध

**हथबंद।** बलौदाबाजार जिला के तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहभट्ठा में रामा मेटल एंड एनर्जी कंपनी खोलने शासन-प्रशासन का भरपूर समर्थन कंपनी को होता दिखाई दे रहा है। ऐसा कहना कोई ज्यादती नहीं होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रामा मेटल कंपनी को खुली छूट दे दी। यहां फर्जी हस्ताक्षर का खेल जारी है, जहां सरपंच सहित 400 लोगों के नाम का फर्जी हस्ताक्षर किया गया है। जहां ग्रामीण रामा मेटल एंड एनर्जी कंपनी खोलने का जमकर विरोध कर रहे हैं।

# रुचि नहीं, नीति के मार्गदर्शन से प्रशस्त होता है मोक्ष का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

मां शारदा मंदिर निर्माण समिति और ग्रामवासियों के सहयोग चिचोली में 1 से 7 अप्रैल तक भागवत महापुराण कथा का आयोजन जारी है। इसमें भागवताचार्य पं. अनिकेत शास्त्री अपने सहयोगी आचार्यों के साथ धर्ममंच से निरन्तर कथा श्रवण करा रहे हैं। तापमान में निरंतर वृद्धि के चलते विगत 3 दिनों से कथा समय में परिवर्तन करते हुए अपरान्ह 3 बजे के स्थान पर सायं 4 बजे से प्रभु इच्छा तक की जा रही है। पंडाल में आचार्य के आगमन से पूर्व ही ग्राम एवं अंचल के हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है।

■ चिचोला में पं. अनिकेत शास्त्री की भागवत कथा जारी

कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा, कथा महात्म्य, द्वितीय दिवस महाभारत एवं सुखदेव जन्म, तृतीय दिवस वामन चरित्र, समुद्र मंथन, चतुर्थ दिवस भगवान के परम भक्त ध्रुव की कथा सुनाते हुए आध्यात्मिक पहलू से संबद्ध संदेश प्रसारित करते हुए कहा कि हर मानव की दो पत्नियां है। रुचि व नीति हमें सदैव नीति रूपी जीवन संगिनी के प्रभाव में रहना चाहिए। रुचि अर्थात चंचल मन के अनुरूप आचरण करने से अपमान व उपेक्षा का सामना करना पड़ सकता है। भक्त प्रह्लाद की अनन्य भक्ति की कथा बताते हुए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ परमपिता की आराधना लोक और परलोक दोनों का मार्ग प्रशस्त करता है।
भगवान नृसिंह अवतार, हिरण्यकश्यप वध, राजा बलि की अद्वितीय दानशीलता, सूर्यवंशी राजाओं सहित श्रीराम जन्म, यदुवंश की कथा का भी रसपान कराया गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में आयोजन समिति के राजकुमार सिंह ठाकुर स्वयं वसुदेव का श्रृंगार व वेशभूषा में बाल कृष्ण को लेकर व्यास मंच तक पहुंचे। यह दृश्य लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा।
सचिव अवधेश पाण्डे, कोषाध्यक्ष रामेश्वर सिरमौर, सीताराम अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, राजू अग्रवाल, रमेश रिंकू अग्रवाल, रूद्रकुमार राय, पंकज विश्वकर्मा, शिवम वर्मा, मुख्य परीक्षित तोपसिंह चक्रधारी आदि पदाधिकारियों सहित महिलाओं ने नृत्य कर खूब आनंद उठाया।
उल्लेखनीय है कि आचार्य प्रतिदिन दिव्य दरबार लगाकर हाजिरी के क्रम में जनमानस के भूत, भविष्य में घटित घटनाक्रमों को बिना बताय पर्ची पर लिखकर बता देते हैं व वर्तमान में जूझ रहे समस्याओं का ज्ञान कराते हुए समस्याओं के यथोचित निदान हेतु समुचित समाधान भी बताते हैं। 2–3 माह पूर्व तिल्दा में आयोजित कथा स्थल पर लाभान्वित भक्त भी प्रतिदिन उपस्थित होकर आभार प्रकट करने के साथ–साथ आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं।

### भागवत महापुराण में हुआ कृष्ण-रूखमणी विवाह

**अमेरा।** मां गायत्री महिला समूह द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिवस भागवत व्यास से पं. ज्ञालेन्द्र कुंजबिहारी तिवारी ने महारास, गोपी प्रसंग, रूखमणी कृष्ण विवाह की कथा सुनाई। कथा स्थल पर कृष्ण रूखमणी विवाह की झांकी समिति सदस्यों द्वारा आयोजित की गई। सभी श्रोतागण और समिति सदस्य कृष्ण रूखमणी विवाह में सम्मिलित हुए। इस आयोजन में समिति सदस्य रमा वर्मा, अंजली, बेबी ध्रुव, मंजू यादव, केवरी वर्मा, खिलेश्वरी वर्मा, जमुना यादव, कालेन्द्री वर्मा, चन्द्र कुमार सेन और ग्रामीण उपस्थित थे।

# मोहरा बस स्टैंड में यात्रियों के लिए प्याऊ का शुभारंभ

**हिरमी–रावन।** मोहरा बस स्टैंड में व्यापारियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से यात्रियों के लिए ठंडा पानी उपलब्ध कराने बस स्टैंड में प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। हर साल गर्मियों में इनके द्वारा अलग-अलग स्थानों में प्याऊ की व्यवस्था की जायेगी। उपस्थित ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मियों में लोगों को ठंडा पानी मिलता रहे, ऐसी व्यवस्था की गई है। पेयजल का शुभारंभ मोहरा सरपंच साधराम नवरंगे, प्यारेलाल वर्मा, संजय वर्मा, आरके सरसीहा, डा. मनोज विश्वास, राजकुमार वर्मा, छत्रपाल वर्मा, सोनीजी, शंकर यादव, विजय यादव, सनत यादव, आशीष वर्मा, विजय वर्मा, परमेश्वर वर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय गुरुघासीदास नामायण कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

समीपस्थ ग्राम मुरा में सतनामी समाज के तत्वावधान में तीन दिवसीय गुरु घासीदास नामायण कथा का आयोजन 5 से 8 अप्रैल तक घासीदास चौक मूरा में जारी है। यह आयोजन स्वजातीय व अन्य दानदाताओं के सहयोग से आयोजित है।
सतनामी समाज के भंडारी धरमदास डहरिया, दुलारदास गायकवाड़ एवं कामता प्रसाद ने बताया कि नामायण कथा में भाग लेने वाले प्रत्येक नामायण मंडली को 701 रुपये व श्रीफल से प्रोत्साहित किया जावेगा।

### मनोकामना दीप प्रज्ज्वलीत

नामायण दिवस पर दिप प्रज्ज्वलित के लिए 551 रुपये रखा गया है। कथावाचक बनवाली राम शान भरुवाडीह है। कार्यक्रम के समापन दिवस पर स्व. सुजीत कोसले की स्मृति पर नूतन कोसले सरपंच द्वारा खीर, पूरी, प्रसाद का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी लकेश्वर कोसले सरपंच प्रतिनिधि ने दी।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468